nandgaon times JULAI-25-3.qxd 7/25/2025 12:01 AM Page 1

मिट्टी का शिवलिंग बनाकर दूध... पृष्ठ 2 | आयुक्त ने ली जल विभाग के... पृष्ठ 3

नांदगांव टाइम्स

शुक्रवार, 25 जुलाई 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 274, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559

संस्कृति में सजीव और निर्जीव सभी के प्रति सम्मान और आभार की भावना : मुख्यमंत्री साय

रायपुर। रायपुर सिविल लाइन स्थित मुख्यमंत्री निवास में आज हरेली पर्व का गरिमामय आयोजन हुआ। त्यौहार मनाने के लिए पूरे परिसर को ग्रामीण परिवेश में सजाया गया था। इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि किसानों की खुशहाली और समृद्धि हमारी सरकार का मुख्य ध्येय है। हरेली तिहार छत्तीसगढ़ की परंपरा, प्रकृति और खेती-किसानी से जुड़ा ऐसा पर्व है, जो हमें अपने मूल से जोड़ता है। आज पूरा छत्तीसगढ़ हरेली की खुशी में डूबा है। मुख्यमंत्री निवास में भी यह पर्व पूरे उल्लास और पारंपरिक तरीके से मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बस्तर से लेकर सरगुजा तक हरेली को मनाने का अपना-अपना अंदाज है। लेकिन सभी जगह इसका रंग एक ही है, आस्था और उत्साह एक ही है। जिस तरह प्रकृति हमारा ख्याल रखती है, उसी तरह हमें भी प्रकृति का ख्याल रखना चाहिए। हरेली केवल खेती-किसानी का त्यौहार नहीं है, बल्कि यह अपनी धरती की हरियाली और प्रकृति पूजा का भी त्यौहार है। छत्तीसगढ़ महतारी की कृपा हम सब पर बरसाती रहे और सभी किसान भाई खुशहाल रहें। यही मंगल कामना है उन्होंने कहा कि श्री साय ने कहा कि हमारी सरकार ने किसानों को 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदने और 21 क्विंटल प्रति एकड़ की सीमा तय कर ऐतिहासिक निर्णय लिया है, जिससे किसानों को सीधा लाभ मिल रहा है। हम सभी ने 2047 तक विकसित छत्तीसगढ़ का सपना देखा है और इसके लिए हमने अपना विजन डॉक्यूमेंट भी बनाया है। हमारी सरकार राज्य से भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए पूरी तरह से प्रयास कर रही है। हरेली त्योहार पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने कहा कि हरेली छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परंपरा और किसान जीवन का उत्सव है। इस पावन अवसर पर मैं प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ। यह त्योहार प्रकृति, कृषि और पशुधन से जुड़े हमारे जीवन मूल्यों की गूंज है। उन्होंने कहा कि ऐसा विश्वास है कि इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती स्वयं धरती पर आकर किसानों के बीच उपस्थित होते हैं और उनके खेतों का निरीक्षण करते हैं। यही कारण है कि इस दिन किसान अपने कृषि यंत्रों, हल-बैल और खेत-खलिहानों की पूजा करते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में आज छत्तीसगढ़ कृषि के क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रगति कर रहा है।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव के निवास पर हरेली की धूम

रायपुर। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव के नवा रायपुर स्थित शासकीय निवास पर आज सुबह से हरेली की धूम रही। उन्होंने सपरिवार हल और कृषि औजारों की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर गौमाता को आटे की लोंदी और गुड़ खिलाया। उन्होंने गेड़ी का भी आनंद लिया। कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, विधायक श्री रोहित साहू और श्री मोतीलाल साहू भी हरेली पर्व में शामिल हुए। हरेली पर उप मुख्यमंत्री श्री साव के निवास पर चहुंओर छत्तीसगढ़ी संस्कृति, लोक जीवन और खानपान की झलक दिखी। उन्होंने हरेली पर्व में शामिल होने अपने निवास पहुंचे सभी लोगों का परंपरागत छत्तीसगढ़ी व्यंजनों चौसेला, गुलगुल भजिया, बरा, टमाटर की चटनी और भजिया खिलाकर स्वागत व आवभगत किया। उन्होंने हरेली पर अपने निवास में शीशम का पौधा लगाया। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने प्रदेशवासियों को हरेली की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हरेली तीज-तिहारों से संपन्न छत्तीसगढ़ का साल का पहला लोक पर्व है। मुख्यत: कृषि और किसानों को समर्पित यह पर्व आज पूरे प्रदेश में उत्साह व उमंग के साथ मनाया जा रहा है। हरेली में गेड़ी का परंपरागत साथ बच्चों के लिए भी इस त्योहार को उत्साहपूर्ण बनाता है। हरेली से मेरे बचपन की कई अच्छी और सुखद यादें जुड़ी हुई हैं। रायपुर नगर निगम के सभापति श्री सूर्यकांत राठौर, खनिज विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष श्री छगन मूंदड़ा, बाल संरक्षण आयोग के पूर्व अध्यक्ष श्री यशवंत जैन, श्री पवन साय और श्री अनुराग अग्रवाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि भी हरेली पर्व में शामिल हुए।

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। विधानसभा क्षेत्र ग्राम भर्रेगांव में छत्तीसगढ़ पारंपारिक तिहार हरेली पर बच्चों ने गेड़ी चढ़कर त्यौहार मनाया।

शक्तिधाम में पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया हरेली तिहार

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। सावन माह की अमावस्या पर छत्तीसगढ़ का प्रथम लोक पर्व हरेली तिहार शहर के बाबूटोला वार्ड क्रमांक 1 स्थित शक्तिधाम महाकाली मंदिर में परंपरागत उत्साह और धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शक्तिधाम परिवार एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति में पूरे दिन विविध गतिविधियां आयोजित की गईं। गुरुदेव हरीश यादव के सानिध्य में कृषि यंत्रों की विधिवत पूजा-अर्चना कर त्योहार की परंपरा का निर्वहन किया गया। ग्रामीणों ने हल, कुदाल, फावड़ा जैसे यंत्रों को स्वच्छ कर देवी महाकाली के समक्ष अर्पित कर समृद्धि और फसल की खुशहाली की कामना की। हरेली तिहार के अवसर पर शक्तिधाम परिसर छत्तीसगढ़ी लोक परंपराओं से जीवंत हो उठा। गुरुदेव हरीश यादव ने इस अवसर पर कहा कि हरेली तिहार हमारी कृषि परंपरा, प्रकृति प्रेम और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे इन परंपरागत लोक पर्वों को संरक्षित करें और अगली पीढ़ियों को इनसे जोड़ने का कार्य करें। इस हरेली पर्व आयोजन में शक्तिधाम परिवार के सदस्यों के साथ-साथ वार्डवासियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। सभी ने आस्था, आनंद और आत्मीयता के साथ त्योहार को मनाया, और अंत में प्रसादी वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। हरेली पर्व ने एक बार फिर यह साबित किया कि आधुनिकता के इस दौर में भी छत्तीसगढ़ी संस्कृति की जड़ें गहरी और मजबूत हैं, जो हमें हमारी परंपरा और प्रकृति से जोड़ती हैं।

उप राष्ट्रपति पद के लिए छत्तीसगढ़ से डॉ. रमन सिंह और रमेश बैस के नाम को लेकर अटकलें

पार्टी के अंदरूनी तहखानों एवं सत्ता के गलियारों में तरह-तरह की चर्चा

रायपुर। भारत के उप राष्ट्रपति जगदीप सिंह धनखड़ द्वारा त्याग पत्र देने के बाद भारतीय जनता पार्टी ने संभावित प्रत्याशियों की तलाश शुरू कर दी है। छत्तीसगढ़ में उप राष्ट्रपति पद के लिए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और पूर्व राज्यपाल रमेश बैस के नाम के भी चर्चा इस समय पार्टी के अंदरूनी तहखानों एवं सत्ता के गलियारों में चल रही है। मिली जानकारी के अनुसार उप राष्ट्रपति द्वारा अचानक अपने कार्यकाल समाप्त होने के पहले इस्तीफा दिए जाने के बाद तरह-तरह की चर्चा व्याप्त है। इधर देश के प्रधानमंत्री विदेश दौरे पर गए हुए हैं। उनके लौटने के बाद ही प्रत्याशी तय किया जाएगा। इधर भारतीय जनता पार्टी द्वारा कोई भी प्रत्याशी अधिकृत रूप घोषित नहीं किया है, जिसके कारण अटकलों का दौर शुरू हो गया है। छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 15 वर्षों तक छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री रहे हैं, भाजपा के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह का आशीर्वाद प्राप्त है। वे प्रधानमंत्री मोदी के काफी नजदीकी है, वर्तमान में छत्तीसगढ़ विधानसभा का संचालन कुशलतापूर्वक कर रहे हैं। पार्टी के आदर्शों सिद्धांतों का पालन अच्छी तरह से कर रहे हैं। वहीं पूर्व राज्यपाल रमेश बैस भी लंबे अरसे से सांसद रहे वे संसदीय परंपराओं और नियमों का ज्ञान रखते हैं। वे भी पार्टी हाईकमान और मोदी के करीबी माने जाते हैं। फिलहाल वे राज्यपाल का कार्यकाल समाप्त होने के बाद पार्टी से जुड़े हुए हैं। सीईओ कार्यालय रायपुर से मिली जानकारी के अनुसार उपराष्ट्रपति पद के लिए निर्वाचन आयोग की तैयारियां शुरू हो गई है। लोकसभा और राज्यसभा में 786 सदस्य उपराष्ट्रपति का चुनाव करेंगे, जीत के लिए 394 सीट जरूरी है। विधानसभा सचिवालय से मिली जानकारी के अनुसार इस चुनाव में विधायकों की कोई भूमिका नहीं होती है, सिर्फ राज्यसभा और लोकसभा के सदस्य ही इसका निर्वाचन करते हैं। भारत निर्वाचन आयोग ने चुनाव आयोग द्वारा शीघ्र ही नोटिफिकेशन जारी कर किया जाएगा। इसके पश्चात चुनाव की तिथि घोषित कर दी जाएगी। यदि विपक्ष कोई प्रत्याशी खड़ा नहीं करता तो भाजपा समर्थित प्रत्याशी निर्विरोध चुना जाएगा।

प्रत्याशियों को लेकर अटकले शुरू

उप राष्ट्रपति पद के लिए मंथन शुरू हो गया है। बिहार और पश्चिम बंगाल चुनाव को ध्यान में रखते हुए यहां से किसी दमदार नेता को प्रत्याशी बनाया जा सकता है। देश के प्रधानमंत्री इस समय बाहर गए हुए हैं। भाजपा ऐसे प्रत्याशी को खोजने की कवायदकर रही है, जो विपक्षियों को बैकफुट में डाल दें। वर्तमान में उपाध्यक्ष हरबंश बिहार से तालुकात रखते है, बिहार से जिन लोगों की नाम की चर्चा है, उसमें नितिश कुमार भी है, फिलहाल छत्तीसगढ़ में इस बात की चर्चा है कि छत्तीसगढ़ से किसी को प्रत्याशी बनाया जाएगा, उसको लेकर सत्ता गलियारों और अंदरूनी तहखानों में तरह-तरह का चर्चा व्याप्त है। भारतीय जनता पार्टी की ओर से कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत एवं सिक्किम के राज्यपाल ओम माथुर का नाम भी चर्चा में है। इसमें केवल सांसद ही मतदान करेंगे। उम्मीद्वार को कम से कम 20 सांसदों द्वारा प्रस्तावक एवं समर्थक के रूप में नामांकन दाखिल करना होगा। इसमें प्रत्याशियों को प्राथमिकता के आधार पर टिक मार्क करना होगा।

खैरागढ़ जनपद : फोटो कॉपी से फूल-यात्रा तक, खर्चों की लंबी फेहरिस्त, भुगतान पर उठे सवाल, विपक्ष हमलावर

जनपद पंचायत खैरागढ़ में खर्च, अब जांच के घेरे में 31 लाख से अधिक की राशि

खैरागढ़. जनपद पंचायत खैरागढ़ में वित्तीय वर्ष 2024-25 और चलित वित्तीय वर्ष 2025-26 के बीच कुल 31 लाख 22 हजार 236 रुपए से अधिक की राशि सिर्फविविध आयोजनों, कार्यालयीन खर्च, जीर्णोद्धार और उपकरणों की खरीददारी में खर्च की गई है। कई खर्चों पर पारदर्शिता को लेकर सवाल उठ रहे हैं, वहीं कुछ मामलों में बिना किसी आयोजन के भी भुगतान किया गया है।

प्राप्त दस्तावेजों के अनुसार, पंचायत निर्वाचन के नाम पर 17 बिलों के आधार पर 12 लाख 52 हजार 943 रुपए की भारीभरकम राशि निकाली गई है। इसमें सबसे ज्यादा राशि 6.61 लाख रुपए टेंट-पंडाल पर, 1.83 लाख साउंड सिस्टम पर, 27 हजार वीडियो ग्राफी, 8 हजार फ्लेक्स प्रिंटिंग, 2.76 लाख स्वल्पाहार, 47 हजार स्टेशनरी और 47 हजार वाहन किराए पर खर्च किए गए।

फोटोकॉपी, सुशासन तिहार और अध्यक्ष रूम की मरम्मत में भी लाखों खर्च

जनपद पंचायत में फोटो कॉपी के नाम पर 44,533 रुपए खर्च किए गए, जिसमें से 39,913 रुपए मनरेगा शाखा और 4,560 रुपए ऑन रिसोर्स मद से भुगतान हुआ।

सुशासन तिहार के आयोजन में भोजन सहित अन्य व्यवस्थाओं के लिए 48,964 रुपए पांच अलग-अलग बिलों के माध्यम से निकाले गए।इसके अलावा कार्यालय रंग-रोगन पर 21,050 रुपए, फर्नीचर खरीदी पर 47,000 रुपए, सीसीटीवी कैमरा स्थापना पर 89,656 रुपए, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं डीईओ कक्ष के जीर्णोद्धार में 3.01 लाख रुपए का भुगतान हुआ। राष्ट्रीय पर्व आयोजन में 96,075 रुपए, डीएससी निर्माण पर 7,500 रुपए, सम्मेलन खर्च में 90,869 रुपए और रामलाल दर्शन योजना के अंतर्गत फूल-यात्रा खर्च में 1.29 लाख रुपए निकाले गए।

विविध व्यय में एक लाख से ज्यादा, स्टेशनरी और बिजली बिल में भी बड़ा खर्च

विविध खर्चों के नाम पर 21 बिल लगाकर 1.43 लाख रुपए अलग-अलग फर्मों को दिए गए हैं। ऑफिस एक्सपेंस में 1.44 लाख रुपए निकाले गए। सचिव की मृत्यु पर परिजनों को सहायता सहित जीएसटी, टीडीएस आदि मदों में 103000 रुपए का भुगतान किया गया। स्टेशनरी के नाम पर 2.36 लाख रुपए खर्च किए गए, जिसमें मनरेगा शाखा से 98,789 रुपए तथा शेष ऑन रिसोर्स से भुगतान हुआ। बिजली और इंटरनेट बिल के नाम पर 24 बिल लगाकर कुल 1.99 लाख रुपए निकाले गए।

1.26 लाख की फोटो कॉपी मशीन की खरीदी बनी सवालों का केंद्र

जनपद पंचायत ने 1.26 लाख रुपए में फोटो कॉपी मशीन खरीदी है, जिसकी बाजार कीमत को लेकर संदेह जताया जा रहा है। सूत्रों की मानें तो यह दर काफी अधिक है। इसके साथ ही प्रिंटर, सीपीयू, मॉनिटर, नेट प्रोटेक्टर, टोनर रिपेयरिंग जैसे उपकरणों की खरीदी व मरम्मत पर 1.33 लाख रुपए खर्च किए गए हैं।

बिना शिविर के भुगतान, विपक्ष की नजरें सामान्य सभा पर

जनसमस्या निवारण शिविर के आयोजन पर 3.01 लाख रुपए खर्च किए गए, जबकि कई स्थानों पर शिविर हुए ही नहीं। इसके बावजूद भुगतान कर दिया गया। विपक्ष इसे लेकर नाराज है और सामान्य सभा की बैठक में मुद्दा उठाने की तैयारी में है।

वाहन किराए में भी मोटी रकम खर्च

जनपद पंचायत द्वारा वाहन किराया मद में कुल 4.16 लाख रुपए खर्च किए गए हैं। इसमें से 3.95 लाख रुपए मनरेगा शाखा, 6 हजार ऑन रिसोर्स से राजेन्द्र कृषि गाड़ाघाट को और 15 हजार रुपए प्रशिक्षण हेतु पीओ उपेंद्र वर्मा के हैदराबाद दौरे के लिए भुगतान किया गया है।

प्रशासनिक चुप्पी पर सवाल

पूरे मामले की जानकारी जिला प्रशासन को भी है, लेकिन अब तक किसी भी स्तर पर जांच या कार्यवाही नहीं हुई है। पारदर्शिता की मांग को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों व जनसंगठनों में आक्रोश है। पंचायत में खर्च को लेकर पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

> बिना आयोजन के भुगतान और लाखों की खरीदी जनपद में गंभीर वित्तीय गड़बड़ी की ओर इशारा करता है। आगामी सामान्य सभा में हम पूरा हिसाब मांगेंगे - ये जनता का पैसा है, कोई मजाक नहीं।
>
> - भूखन बंजारे, जनपद सदस्य

nandgaon times JULAI-25-3.qxd 7/25/2025 12:01 AM Page 2

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की पहल पर अमरकंटक के मृत्युंजय आश्रम में निःशुल्क भोजन और विश्राम की व्यवस्था

पदमराज सिंह ठाकुर

कबीरधाम(नांदगांव टाइम्स। सावन माह की पवित्रता और शिवभक्ति की ऊर्जा इन दिनों अमरकंटक में विशेष रूप से देखने को मिल रही है। कबीरधाम जिले सहित आसपास के क्षेत्रों से हजारों की संख्या में कांवड़िये भगवान शिव के दर्शन और जलाभिषेक के लिए अमरकंटक पहुंच रहे हैं। इन श्रद्धालुओं के लिए मृत्युंजय आश्रम में चल रही भक्ति और सेवा की मिसाल आज प्रदेश भर में चर्चा का विषय बन गई है।छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा की विशेष पहल पर मृत्युंजय आश्रम में 6 अगस्त तक निःशुल्क सेवा केंद्र संचालित किया जा रहा है। इस सेवा केंद्र में कांवड़ यात्रियों को सुबह की चाय व नाश्ता, दोपहर और रात्रि का सात्विक भोजन, विश्राम स्थल, स्वच्छ पेयजल, शौचालय एवं प्राथमिक चिकित्सा जैसी सुविधाएँ बिना किसी शुल्क के उपलब्ध कराई जा रही हैं।

सीएम साय की मंशा पर आधारित एक पेड़ मां के नाम 2.0 महाअभियान का 25 जुलाई से शुभारंभ

पदमराज सिंह ठाकुर

कबीरधाम(नांदगांव टाइम्स) ,मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पर्यावरण संरक्षण की दूरदृष्टि और जनसहभागिता पर आधारित विकास की भावना को साकार करने के उद्देश्य से कबीरधाम जिले में च्एक पेड़ मां के नाम 2.0ज्ज् वृक्षारोपण महाअभियान का शुभारंभ 25 जुलाई से एक साथ पूरे जिले में किया जा रहा है। यह अभियान 30 जुलाई तक चलेगा और जिले के चारों विकासखंड बोड़ला, कवर्धा, पंडरिया और सहसपुर लोहारा के ग्राम पंचायतों एवं शैक्षणिक संस्थानों में आयोजित किया जाएगा। इस महाअभियान में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा तथा स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल विशेष रूप से कबीरधाम पहुंचकर वृक्षारोपण में सहभागिता करेंगे और जनसामान्य को हरियाली, जलवायु संरक्षण और जिम्मेदार नागरिकता का संदेश देंगे।

बोल बम और हर हर महादेव के उद्घोष के साथ यात्रा के चौथे दिन पंडरिया विधायक भावना बोहरा एवं कांवड़ यात्रियों ने तय कि गौरकांपा से मोहतरा की यात्रा

पुष्पवर्षा के साथ शिवभक्तों ने किया भव्य स्वागत

पदमराज सिंह ठाकुर

कबीरधाम(नांदगांव टाइम्स)। माँ नर्मदा मंदिर, अमरकंटक से भोरमदेव मंदिर तक 151 किलोमीटर कांवड़ यात्रा के चौथे दिन आज पंडरिया विधायक भावना बोहरा और कांवड़ यात्रियों ने गौरकांपा स्थित शनिदेव मंदिर में पूज-अर्चना कर मोहतरा में यात्रा का आगमन हुआ। इस दौरान गौरकांपा, करपीकला, बम्हनदेई और मोहतरा में भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, सामाजिक व हिन्दू संगठनों तथा क्षेत्रवासियों द्वारा भावना बोहरा और कांवड़ यात्रियों का पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया।

डीएलएड का परीक्षा परिणाम घोषित

डोंगरगांव। माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर, द्वारा डी एल एड पाठ्यक्रम का वार्षिक परीक्षा परिणाम 22.जुलाई को घोषित किया गया. जिसमें शास बी टी आई डोंगरगांव जिला राजनांदगांव से पांच अकादमिक सदस्य एवं अतिथि शिक्षको के भरोसे दोनो वर्ष का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा संस्था के जहाँ प्रथम वर्ष के छात्राध्यापक हुमेश कुमार कुल अंक 862 तथा हेमलता कुल अंक 848 के साथ क्रमशः प्रथम तथा द्वितीय स्थान प्राप्त किया वहीं द्वितीय वर्ष की छात्राध्यापिका होशिता वर्मा कुल 1703 अंक तथा पूर्णानंद द्वारा1701अंक के साथ संस्था में क्रमशः प्रथम तथा द्वितीय स्थान अर्जित किया सभी छात्राध्यापकों को संस्था प्राचार्य मुकुल के पी साव , सेवा निवृत्त आर के एस ठाकुर वर्तमान अकादमिक सदस्य शरद शुक्ला , एन आर लेंझारे , पोषण साहू देवेश कुमार जैन तथा कविता दूबे और कार्यालयीन स्टॉफ लीलाधर देवांगन एवं प्रीति वैष्णव द्वारा बधाई दी गई।

मिट्टी का शिवलिंग बनाकर दूध, जल, दही, शहद से किया अभिषेक

सावन शिवरात्रि पर घर-घर हुई पार्थिव शिवलिंग की पूजा

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। सावन शिवरात्रि पर अंचल में घर-घर पार्थिव शिवलिंग की पूजा हुई। भक्तों ने मिट्टी का शिवलिंग बनाकर विधि-विधान से पूजा की। मान्यता है कि इस दिन पार्थिव शिवलिंग की पूजा करने से सभी मनोकामना पूर्ण होती है। सुख समृद्धि की प्राप्ति होती है।

शिवभक्त व पूर्व सैनिक अंगेश्वर प्रसाद सिन्हा उनकी धर्मपत्नि श्रीमती खुमेशवरी सिन्हा, विवेक सिन्हा, सृष्टि सिन्हा आदि ने बताया कि पार्थिव शिवलिंग की पूजा वे हर साल सावन शिवरात्रि पर करते हैं। सुबह से व्रत का संकल्प लेकर मंदिर में शिवलिंग व भगवान शिव की आराधना की। इसके बाद निर्जला व्रत रखकर शिव महिमा, शिवकथा, शिव चालीसा का पाठ किया। शाम को मिट्टी से शिवलिंग बनाकर एक घंटे तक दूध, जल, दही, शहद, छांछ आदि से अभिषेक किया। बेलपत्र, फूल, दूध, मिठाई, मौसमी फल अर्पित कर आरती की। शिवलिंग पूजा से पहले सभी देवी देवताओं का आव्हान हुआ। पूजा के बाद विसर्जन हुआ। तत्पश्चात सपरिवार ने आहार ग्रहण किया।

सावन माह की शिवरात्रि में पार्थिव शिवलिंग के अभिषेक व पूजा का विशेष महत्व है। इस दिन मिट्टी के शिवलिंग की पूजा होती है। पूजा के बाद विसर्जन आवश्यक है। पार्थिव शिवलिंग की पूजा करने से धनधान्य, आरोग्य,संतान की प्राप्ति होती है. शरीरिक, मानसिक क्लेश से मुक्ति मिलती है।

पं. प्रदीप मिश्रा ने कराई ऑनलाइन पूजा

बुधवार को शाम 7 बजे से 8 बजे तक प्रसिद्ध कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा ने टीवी, मोबाइल के माध्यम से भक्तों को पार्थिव शिवलिंग की पूजा करवाई, जिसमें भक्तों ने हिस्सा लिया। भक्तों के अनुसार श्री मिश्रा ने 1 लोटा जल, गेंहू 21 दाने, 5 कमल गट्टे, चावल के 108 दाने, काली मिर्च के 21 दाने, काला तिल, धतूरा 1 नग, बेलपत्र 7 नग, शमी पत्र 7 नग, फूल एवं 7 गुलाब के पुष्प, दूध, दही. शहद, घी, शक्कर, इत्र, गंगाजल, चंदन, 3 गोल सुपारी, रोली, पीला चंदन, चावल, मौली, कपूर, देशी घी के दो दीपक, 2 जनेउ, लौंग इलायची, पान का पत्ता, हल्दी, अबीर, गुलाल, मेहंदी, फल 5 नग, मिठाई, धूपबत्ती आदि से ऑनलाइन पूजा करवाई। इसके लिए उन्होंने एक दिन पूर्व तैयारी करने कहा था। बुधवार को 7 बजे से पूजा करवाई जो एक घंटे तक चली।

आरला पंचायत में हरेली तिहार पर आयोजित खेल प्रतिस्पर्धा में महिलाओं ने बढ़ चढ़कर लिया हिस्सा

रस्सी खींच का मुकाबला बराबरी पर रहा

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। विधानसभा अंतर्गत ग्राम पंचायत आरला में छत्तीसगढ़ की पहली हरेली तिहार बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। हरेली तिहार के उपलक्ष में विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया जिसमें कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमती साधना राहुल साहू सरपंच ने छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र के समक्ष पूजा अर्चना कर किया। मुख्य अतिथि श्रीमती साधना राहुल साहू सरपंच ने समस्त ग्राम वासियों को हरेली तिहार की बहुत-बहुत हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया और समस्त ग्रामवासियों की सुख समृद्धि खुशहाली की कामना की और प्रतियोगिता में प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से गांव में परस्पर आपसी भाईचारा प्रेम स्नेह का संचार होती है सभी ने बहुत अच्छे से खेल को खेला और सभी ने खिलाड़ी भावनाओं का परिचय दिया सभी विजेताओं को बधाई एवं शुभकामनाए दी। विभिन्न खेलों का हुआ आयोजन प्रतिस्पर्धा में रस्सी खींच, कुर्सी दौड़, जलेबी चम्मच, मटका फोड़ सहित अन्य खेलों का आयोजन रखा गया।खेल में महिलाओं एवं युवतियों ने बढ़ चढ़कर प्रतिस्पर्धा में भाग लिया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत आरला सरपंच श्रीमती साधना राहुल साहू,उपसरपंच श्रीमती शशिकला देवांगन, पंचगण एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

हरेली में महिलाएं छुरिया ब्लॉक के बुचाटोला और मासूल में रोड किनारे 500 करंज का पौधा लगाया

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। हरेली में महिलाएं हरियाली लाने छुरिया ब्लॉक के बुचाटोला और मासूल साथ पहुंचे और रोड के दोनों ओर करंज के पौधे लगाने जुट गई और 2 घंटे में 500 पौधे लगाकर ये बता दी कि महिलाएं किसी से कम नहीं है कार्यक्रम में पद्मश्री फूलबासन यादव ने कहा कि महिलाओं के जुनून को देखकर ऐसा लग रहा है कि हरियाली बाहिनी अभियान के द्वारा चलाई जा रही हरियाली लाने और आमदानी बढ़ाने इसके अच्छे परिणाम आने वाले वर्षों में दिखने लगेगा इस दौरान राजेश साहू, सरपंच मासुल श्रीमती नीलम साहू,सरपंच बुचाटोला , ओमेश सहारे, ईश्वर साहू, ज्ञानेश्वरी साहू सहित महिला समूह ग्रामवासी उपस्थित से कार्यक्रम को सफल बनाया गया।

कुमार देवांगन ने बताया कि इस नेक कार्य के लिए महिलाएं अपने घर से खोदाई के आवश्यक सामग्री

हरियाली अभियान के तहत रोड किनारे करंज लगाने की मुहिम के तहत लोगों को करंज के बीज से होने वाले लाभे के प्रति जागरूक कर बड़ी संख्या में लगाने के अभियान में हरियाली बाहिनी के अलावा महिलाएं ग्रामवासी बढ़चढ कर आगे आ रहे है हरेली त्योहार के अवसर में महिलाएं अपने घर के व्यस्त कार्य होने के बावजूद वे पौधा लगाने उत्साहित हैं, हरियाली बाहिनी अभियान के शिव

विचारों एवं सिद्धांतों की पूंजी लेकर संगठन विस्तार करे : योगेश दत्त मिश्रा

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। भारतीय मजदूर संघ के स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुये छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष योगेशदत्त मिश्रा ने कहा कि भामसं के विचार और सिद्धांत ही उसकी सबसे बड़ी पूंजी है। संगठन ने अपने सैद्धांतिक आधार के दम पर ही श्रमिक क्षेत्र में अपनी पैठ बनाई, अपने कालजयी विचारों के बदौलत प्रतिस्पर्धी ट्रेड यूनियनों को पछाड़ते हुये सबसे आगे हो गया। हमें अपने विचारों और सिद्धांतो की पूंजी के बल पर संगठन कार्य का विस्तार करते रहना चाहिये।

भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री नरेश कुमार साहू ने एक प्रेस बयान में उकाशाय की जानकारी देते हुये बताया कि समारोह में श्री मिश्रा ने आगे कहा कि संसार के सारे सिद्धांत व विचार चाहे वह पूंजीवाद हो, चाहे साम्यवाद हो सारे समय के साथ दम तोड़ते नजर आ रहे है, इन सबका आधार समाप्त प्रायः है। इनके पीछे चलने वाले गिनती के लोग बचे है, लेकिन जिन विचारो और सिद्धांतो को लेकर भारतीय मजदूर संघ चल रहा वह सर्वकालिक है। यह चराचर रहने वाला है, अतएव हम सब मिलकर संगठन कार्य का विस्तार करें। श्री मिश्रा ने 1962 के चीन युद्ध का जिक्र करते हुये कहा कि उस समय जब देश संकट में था, तत्कालिन वामपंथियों ने प्रतिरक्षा के कारखानों में हड़ताल की घोषणा करके देश को संकट में डाल दिया था। जबकि भामसं के कार्यकर्ताओं ने बिना पैसे लिये ओवरटाईम प्रतिरक्षा कारखानों में काम करके देश को संकट से निकाला था। राष्ट्र के प्रति हमारी यही निष्ठा हमें अन्य संगठनों से अलग रखती है। समारोह को सुदर्शन दास मानिकपुरी ने भी संबोधित किया, संचालन गोपाल साहू ने किया। समारोह के प्रारंभ में भगवान विश्वकर्मा, भारतमाता व दंतोपंत ठेंगड़ी के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की गई। जी.ई. रोड स्थित सी.जे. तेंदूपत्ता गोदाम में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष गजानंद मिश्रा ने किया। मंच पर अल्का बारसागड़े व केशव राम सिन्हा उपस्थित थे। इस दौरान प्रमुख रूप से जिला मंत्री नरेश कुमार साहू, निर्माण मजदूर संघ की राष्ट्रीय मंत्री श्रीमती भारती शर्मा, जयप्रकाश साहू, हेमंत साहू, ठाकुर राम यादव, पुद्दप दास साहू, फागूराम यादव, बहल राम, कुशल यादव, गौतम भगेला, राजेन्द्र, श्रीमती सुरेखा कोमरे, धनेश्वरी साहू, दीपाली कंवर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता साथी उपस्थित थे।

संस्कारधानी राजनांदगांव में हरेली अमावस्या के अवसर पर पार्थिव पूजन का भव्य आयोजन

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। आज संस्कारधानी राजनांदगांव में हरेली अमावस्या के अवसर पर पार्थिव पूजन का भव्य आयोजन हुआ। आचार्य श्री कालू महाराज जी के सानिध्य में पंच पंडितों के द्वारा भगवान भोलेनाथ का पूजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य यजमान के रूप में विवेक सचिन अग्रवाल एवं उनके सह परिवार ने भाग लिया। पूजन की विशेषता इस पूजन में भगवान भोलेनाथ की महिमा का वर्णन किया गया और उनकी कृपा की कामना की गई। पूजन के दौरान वेद मंत्रों का उच्चारण किया गया और भगवान भोलेनाथ को प्रसन्न करने के लिए विशेष पूजा-अर्चना की गई। आचार्य श्री कालू महाराज जी का आशीर्वाद आचार्य श्री कालू महाराज जी ने पूजन के दौरान उपस्थित सभी भक्तों को आशीर्वाद दिया और भगवान भोलेनाथ की कृपा की कामना की। उन्होंने कहा कि भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना करने से जीवन में सुख-शांति और समृद्धि की प्राप्ति होती है। मुख्य यजमान का सम्मान मुख्य यजमान विवेक सचिन अग्रवाल एवं उनके सह परिवार को पूजन के दौरान विशेष सम्मान दिया गया। उन्होंने भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना में बढ़-चढ़कर भाग लिया और उनकी कृपा की कामना की। पूजन का महत्व हरेली अमावस्या के अवसर पर पार्थिव पूजन का विशेष महत्व है। इस दिन भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना करने से जीवन में सुख-शांति और समृद्धि की प्राप्ति होती है। पूजन के दौरान भगवान भोलेनाथ को प्रसन्न करने के लिए विशेष पूजा-अर्चना की जाती है ।

शुभांक

3-6-9

377-7 669-1

भाग्यांक

369-8 247-3

कार्यालय कलेक्टर (आबकारी) जिला राजनांदगांव

// निविदा सूचना //

राजनांदगांव, दिनांक 21-7-2025

छत्तीसगढ़ आबकारी देशी/विदेशी मदिरा की फुटकर बिक्री के अनुज्ञापनों के व्यवस्थापन नियम 2018 अधिसूचना क्रमांक/एफ-10-10/2018/बाक. (आव)/पांच/2024 नया रायपुर दिनांक 07.03.2018 एवं कार्यालय आबकारी आयुक्त छत्तीसगढ़ रायपुर के पत्र क्रमांक/आव./टेक्ना/2024/4029, नया रायपुर अटल नगर दिनांक 24.06.2024 के अनुपालन में :-

नगर निगम परिक्षेत्र के भीतर मदिरा दुकानें प्रारम्भ करने हेतु वाणिज्यिक एवं राजस्व प्राप्ति की दृष्टि से उपयुक्त भाड़े पर दुकान/परिसर लेने बाबत् कानूनी भवन मालिकों से निविदाएँ बोली प्रणाली के रूप में अर्थात निर्धारित प्रारूप में तकनीकी बोली (टेक्निकल बिड) अनुबंध-1 एवं वित्तीय बोली (फायनेंसियल बिड) अनुबंध-2 आमंत्रित की जाती है।

(1) देशी मदिरा दुकान मंडी बाईपास को राजनांदगांव नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र के भीतर मण्डी बायपास के समीप जो कि वर्तमान स्थित दुकान से यथोचित दूरी पर तथा आपत्तिरहित स्थल पर स्थित हो, आबकारी राजस्व सुरक्षा एवं वाणिज्यिक दृष्टिकोण से स्थानांतरित करने एवं अहाता सहित, जिसका क्षेत्रफल सी.एस.एम.सी. एल की वाणिज्यिक आवश्यकताओं के अनुरूप हो।

इच्छुक निविदादाता निविदा की शर्तें एवं निविदा संबंधी समस्त जानकारी तथा निविदा प्रपत्र दिनांक 30/07/2025 तक कार्यालयीन समय में कार्यालय सहायक आयुक्त आबकारी जिला राजनांदगांव के कक्ष क्रमांक 76 से प्राप्त कर सकते है।

मुहरबंद निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 31/07/2025 को 12:00 बजे तक निर्धारित किया जाता है तथा दिनांक 31/07/2025 को 1:00 बजे अपरान्हः उप समिति के समक्ष निविदा खोले जाने की कार्यवाही की जावेगी।

सहायक आयुक्त आबकारी
हेतु कलेक्टर राजनांदगांव छ.ग.

जी - 252602334/1

सुब्रतो कप फुटबाल में डोंगरगांव ब्लाक विजेता

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। सुब्रतो कप अंतरष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट एक प्रतिष्ठित अंतर-विद्यालय फुटबॉल टूर्नामेंट है जो नई दिल्ली, भारत में प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। जिसकी शुरुआत 1960 में हुई थी। इस फुटबॉल खेल के प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में जिस स्कूल से टीम बनती है और वही टीम विजय प्राप्त करते हुए विभिन्न स्तरों पर आगे खेलते जाते हैं । किसी स्तर में पराजित होने पर टूर्नामेंट से बाहर हो जाते हैं। डोंगरगांव ब्लॉक के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला मोहड़ के खिलाड़ियों ने कोच व मैनेजर के कुशल नेतृत्व में बालक वर्ग अंडर-15 का मैच खेलते हुए जगदलपुर (बस्तर) में होने वाले राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हो चुके हैं। 15 जुलाई को दुर्ग में संभाग स्तरीय टूर्नामेंट में बालक वर्ग अंडर-15 का फाइनल मैच राजनांदगांव और बालोद के मध्य खेला गया। जिसमें राजनांदगांव ने 3-1 अंको से मैच जीतकर संभाग स्तरीय सुब्रतो कप मैच अपने नाम किया। डोंगरगांव ब्लॉक का नाम रोशन करने वाले फुटबॉल सुब्रतो कप टीम के खिलाड़ी हैं - डिगेश्वर, धनंजय, पुष्कर, टुमेश्वर, डामेश्वर, नैन प्रकाश, चिराग, रोहन यादव, मनीष, माधव सिंह, एवन कुमार, अमन व रुपेश। टीम के कोच भूपेश कुमार यदु और टीम मैनेजर अनिल कुमार पटेल इन व्यायाम शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन व सहयोग से सभी खिलाड़ी बच्चों ने मैच में अपना शानदार प्रदर्शन किया। स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ़इंडिया और स्कूल शिक्षा विभाग के तत्वाधान में होने वाले इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हमारे फुटबॉल टीम का चयन होने पर, राजनांदगांव जिले के सभी खेल प्रेमियों ने इन कोच, मैनेजर और सभी खिलाड़ियों को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया गया है।

ईको क्लब द्वारा छात्र छात्राओं ने स्कूल में पौधे लगाएं

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। कुमरदा स्कूल में स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा एक पेड़ मां के नाम वृक्षा रोपण अभियान में हायर सेकेंडरी स्कूल कुमरदा में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं इको क्लब के छात्रों द्वारा इको क्लब मिशन लाइफ के तहत एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया।इस अवसर पर छात्रों ने संस्था परिसर, छात्रावास, बाजार के पास छायादार गुलमोहर, पारिजात,जामुन, नीम,बेल आदि पौधारोपण कर सुरक्षा का संकल्प लिए। रा से यो कार्यक्रम अधिकारी बसंत कुमार यादव ने सभी छात्रों को अपील किया कि सभी छात्र अपने-अपने घरों के आसपास, बाडी सार्वजनिक स्थल पर अपने मां के साथ पौधा लगाए तथा इको क्लब एजुकेशन पोर्टल पर अपना तथा माता-पिता तथा स्कूल कोड फॉर्म भरकर तथा अपने लगाए हुए फोटो सहित शानदार प्रमाण पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। इस अवसर पर संस्था प्राचार्य मिलाप दास साहू ने छात्रों को अधिक से अधिक पेड़ लगाकर पर्यावरण संरक्षण का अपील किये।

न्यायालय तहसीलदार, राजनांदगाँव जिला-राजनांदगाँव

// ईश्तहार //

आवेदक परसुराम प्रजापति निवासी वार्ड नं. 47 मोहारा, जिला राजनांदगाँव के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर ग्राम मोहारा, प.ह.नं. 46, तहसील व जिला-राजनांदगाँव स्थित भूमि खसरा नंबर 17/2, रकबा 0.008 हे. क्रय की गई भूमि के ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने का निवेदन किया गया है।

उक्तावन्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को किसी भी प्रकार की कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत पेशी तारीख 13/08/2025 के पूर्व स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायालयीन समय तक लिखित मे प्रस्तुत कर सकते है, बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा ।

अतः यह ईश्तहार आज दिनांक 22/07/2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

जारी दिनांक :- 22/07/2025
पेशी दिनांक :- 13/08/2025

सील **तहसीलदार राजनांदगाँव**

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राजनांदगांव,जिला-राजनांदगांव,(छ.ग.)

// ईश्तहार //

क्र मांक / 4043/अधि अ/प्रवा0-3/2025
राजनांदगांव, दिनांक 16/07/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक. महावीर ईन्फ्राकॉन प्रायः लिमि. डायरेक्टर विनोद बोहरा पिता जेठमल बोहरा, निवासी सनसिटी, कंचनबाग, राजनांदगांव, तहसील व जिला राजनांदगांव, के द्वारा निज स्वामिल की भूमि ग्राम ज्हाट, पटवारी हल्का नंबर 29, खसरा नंबर 32/5 रकबा 0.1896 हेक्टेयर के आवासीय प्रयोजन (भू-खण्डीय विकास) हेतु व्यववर्तन एवं पुनर्कर निर्धारण का आवेदन मय, खसरा बी-1, नक्शा, ऋण पुस्तिका की प्रति, पंजीकृत बैनामा, कॉलोनाईजर लायसेंस इत्यादि के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न प्रयोजन के, पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से सवात: या तिथि 30/07/2025 तक अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 16/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

सील **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) राजनांदगांव**

ज्ञान मंथन

1) हर साल 10 अगस्त को कौन सा दिन मनाया जाता है?

2) केन्द्रशासित राज्य दादर एवं नागर हवेली भारत के किस राज्य के पास स्थित है?

3) अल्बुकर्क ने गोवा को 1510 ई. में किससे छीना था?

4) किसे जहांगीर ने खान की उपाधि से सम्मानित किया था?

5) पेरिस ओलंपिक में पुरूषों की 100 मीटर दौड़ का गोल्ड मेडल किसने जीता है?

RamaQuiz (Pappu Ganesh)

उत्तर माला

(1) विश्व जैव ईंधन दिवस (2) महाराष्ट्र (3) बीजापुर के सुल्तान आदिलशाह (4) विलियम हॉकिन्स (5) नोहा लायल्स

आयुक्त ने ली जल विभाग के अधिकारियो एवं वालवमेनों की बैठक

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने आज जल विभाग के अधिकारियो एवं वाल्वमेन की बैठक लेकर पेयजल सप्लाई के लिए व्यवस्था में सुधार करने दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पेयजल सप्लाई महत्वपूर्ण विषय है इसमें लापरवाही नही होनी चाहिए, जल विभाग का पूरा अमला सामंजस्य बनाकर कार्य करे।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि पिछले कुछ दिनो से पेयजल सप्लाई में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है। गर्मी में एनिकट में पानी की कमी तथा कुछ वार्डो में अंतिम छोर तक पर्याप्त पानी नही आने संबंधी समस्या थी, लेकिन वर्तमान में वर्षाऋतु में पानी की पर्याप्त उपलब्धता के बावजूद हम शहर में समुचित पेयजल सप्लाई नही कर पा रहे है। ऐसी परिस्थिति का आत्म अवलोकन करे हम सबकी लापरवाही से आज ऐसी स्थिति निर्मित हुई है। उन्होंने कहा कि हम सबको अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वाहन करना है। किसी भी प्रकार की समस्या आने पर सामंजस्य बनाकर समस्या का समाधान करना है। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने वालमेनो से कहा कि टंकी पूरा भरने के पश्चात ही वाल्व चालू करे, किसी के कहने पर वाल्व से किसी भी प्रकार का छेड़-छाड़ नही करेगे। उन्होंने कहा कि वाल्व खोलने के पश्चात पाईप लाईन लिकेज, कम पानी आने, पानी नही आने आदि का अपने अपने क्षेत्र में जॉच करेंगे और संबधित अधिकारी को अवगत करायेगे। उन्होंने कहा कि कई वालवमेन की शिकायत प्राप्त होती है कि उनके द्वारा कम चुडी खोला जाता है, या बिना टंकी भरे पानी सप्लाई की जाती है। इस प्रकार की शिकायत नहीं आनी चाहिये, वाल्व में निर्धारित चुडी से अधिक न खोले और न ही कम चुडी खोले। टंकी भरने के पश्चात ही वाल्व खोलना है, जिससे पूरे प्रेशर से सभी क्षेत्रों में पानी सप्लाई हो सके। आयुक्त ने कहा कि पानी सप्लाई के समय दूसरे टंकी के वालवमेन से सम्पर्क कर एक साथ ही वाल्व खोले जिससे पर्याप्त प्रेशर में पानी सप्लाई हो सके। उन्होंने कौन कौन सी टॉकिया पूरी नही

व्यवस्था में सुधार करने एवं सामंजस्य बनाकर कार्य करने के दिये निर्देश

भर पा रही है तथा क्या परेशानी आ रही है, वालमेनो से जानकारी लिए। ट्रांसपोर्ट नगर, नवागांव, लखोली दीनदयाल नगर की टंकी पूरी नही भरने की जानकारी देने पर जल विभाग के अधिकारियो से टंकीवार चर्चा किए, उन्होंने कहा कि टंकी भरने के समय सभी टंकी क्षेत्र के वालमेन आपस में पूरी भरने की जानकारी रखे, भरने के पश्चात ही सप्लाई करे। जिस क्षेत्र की टॉकिया भरने के वाल्व आपस मे जुडे है, वहाँ आपसी सामंजस्य से कार्य कर सप्लाई करे। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने अधिकारियो से कहा कि सभी उप अभियंता अपने अपने क्षेत्र के टॉकियो की जानकारी रखे और किसी भी प्रकार की समस्या पर उच्च अधिकारियो को अवगत करावे। उन्होंने प्लांट में सुरक्षा के लिए व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फिल्टर प्लांट संवेदनशील स्थल है, वहाँ बिना अनुमति के कोई भी अन्य व्यक्ति प्रवेश न करे, इसका ध्यान रखा जाए। इसके अलावा इंटकवेल की समय समय पर सफाई करे, पंप, पेनल बोर्ड आदि दुरूस्त रखे, बरसात को देखते हुए बाढ से निपटने व्यापक व्यवस्था रखे। आयुक्त ने क्लोरिंग, एलम ब्लीचिंग आदि आवश्यक समाग्री के भण्डारण के संबंध में जानकारी लिए। उन्होने कहा कि एलम भण्डारण में लापरवाही हुई है, जिसके कारण नगर निगम की छवि धुमिल हुई है, आगे ऐसी स्थिति निर्मित नही होनी चाहिए। सभी समाग्री का पर्याप्त भण्डारण रखे, अमृत मिशन की एजेन्सी द्वारा प्लांट में किये जा रहे कार्यो की सत मानिटरिंग करे। उन्होंने कहा कि नदी से पानी लेने, फिल्टर करने एवं टंकी भरने से लेकर घरो में पानी सप्लाई तक हमारी जवाबदारी है, इसमें सबको महती भूमिका निभानी है। जल विभाग के प्रभारी सदस्य श्री सुनील साहू ने कहा कि टंकी समय पर नही भरने के कारण कम प्रेशर की शिकायता प्राप्त होती है, टंकी भरने के पश्चात ही पानी सप्लाई करे। उन्होंने कहा कि पेयजल सप्लाई में किसी भी प्रकार की परेशानी आने पर मुझे एवं उस क्षेत्र के पार्षद को जरूर अवगत करावे। वर्तमान में जो स्थिति निर्मित हुई थी, जिसकी जानकारी नही होने के कारण लोगो को बताना मुस्कील हो गया था। मोहारा के पार्षद एंव शिक्षा विभाग के प्रभारी सदस्य श्री आलोक श्रीती ने कहा कि कुछ दिनों से जो परेशानी आई है, उसमें जो भी समस्या है उसका हम सबको मिलकर समाधान करना है। उन्होंने कहा कि फिल्टर प्लांट में लाईट बंद होने की समस्या भी आती है, कई बार लम्बे समय तक लाईट बंद हो जाता है, जिसके कारण पेयजल सप्लाई मे बाधा उत्पन्न होती है, इसके लिए विद्युत मण्डल से चर्चा कर समाधान निकाले। बैठक में कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके, प्र.सहायक अभियंता श्रीमती गरिमा वर्मा, उप अभियंता श्री अनुप पाण्डे, फिल्टर श्री सोमनाथ, जल विभाग के लिपिक श्री तुषार शुक्ला सहित वालवमेन उपस्थित थे।

1 अगस्त को आईसेक्ट कंप्यूटर देवरी बंगला, में निःशुल्क रोजगार मेला

डोंगरगांव। आईसेक्ट कंप्यूटर, देवरी के संचालक भरत देवांगन ने बताया है कि आईसेक्ट मुख्यालय के 40 वा एवं आईसेक्ट देवरी के 24 वा स्थापना दिवस के अवसर पर आईसेक्ट -एन.एस.डी.सी. के तत्वाधान एवं रीजनल ऑफिस भिलाई ङ्क राज्य ऑफिस, रायपुर के मार्गदर्शन में 1 अगस्त शुक्रवार को, समय सुबह 9 से शाम 4 बजे तक स्थान आईसेक्ट कंप्यूटर देवरी बंगला में 500 से अधिक रिक्त पद के लिए निःशुल्क रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है जो कि पूर्णता निःशुल्क है जिसमे 15 कंपनियां उपस्तिथ रहेगी. जिसमे एस. आर. हॉस्पिटल व रिसर्च सेंटर दुर्ग, स्पंदना स्पूर्ति फाइनेंसियल लि., स्वतन्त्र मैत्रो फाइनेंस, प्रिया नर्सिंग केयर, टेक्नो टास्क सलूशन लि., विक्टर फाइनेंस लि., एयू स्माल फाइनेंस बैंक, विनायक एग्रो, फाइंड दक्ष, आईसेक्ट कंप्यूटर देवरी, एस. आई.ए एस. सर्विस (सुरक्षा गार्ड), एस.बी.ई. लाइफ भारतीय जीवन बीमा निगम, स्वे मैत्रो फाइनेंस लि., मारुती सुजकी आदि निःशुल्क रोजगार मेला में उपस्थित रहेंगे. निःशुल्क रोजगार मेला में कंप्यूटर कार्य, टेक्निकल, नॉन टेक्निकल, मेडिकल, सुरक्षा गार्ड, ऑफिस कार्य, फील्ड वर्क इत्यादि सभी क्षेत्रो से रोजगार की सम्भावनाये रहेगी. जिसमे योग्यता 10 वी पास से लेकर ग्रेजुएट - पोस्ट ग्रेजुएट ङ्क डिप्लोमा तक इस आयोजन का लाभ ले सकते है इसमे आइसेक्ट से कोर्स किये भूतपूर्व ङ्क वर्तमान विद्यार्थियों के साथ-साथ, अन्य भी शामिल हो सकते है . आंचलिक ग्रामीण बेरोजगारों के लिए सुनहरा अवसर. इतने बड़े पैमाने में ग्रामीण क्षेत्र (एस.के.पी) में बेरोजगारो के लिए एक छोटा सा प्रयास आईसेक्ट कंप्यूटर देवरी करने जा रहा है.

करमरी पंचायत के सरपंच दीनदयाल (दीनू) साहू ने कलेक्टर से लगाई गुहार

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। जिले के अंतर्गत जनपद पंचायत छुरिया, ग्राम पंचायत करमरी के सरपंच दीनदयाल (दीनू) साहू ने कलेक्टर को पत्र प्रेषित करते हुए बताया कि पूर्व माध्यमिक शाला भवन को नवीन बनाने की मांग रखी है। ग्राम पंचायत करमरी सरपंच दीनदयाल साहू ने आगे बताया कि ग्राम करमरी में पूर्व माध्यमिक शाला भवन वर्ष 1992 में निर्माण हुआ था किंतु आज बारिश के दिनों में छत से पानी टपकता है जिससे बच्चों की पढ़ाई नहीं हो पाती है 3 वर्ष पूर्व भी बी. र सी. को सूचना दे दी गई थी। विभाग ने 13 लाख का इंस्टीमेंट दिया था लेकिन भवन नहीं बना पाया। सरपंच दीनदयाल दीनू साहू ने कलेक्टर से निवेदन किया कि बच्चों की भविष्य को देखते हुए अति शीघ्र पूर्व माध्यमिक शाला भवन बनाने की प्रार्थना किया है। सरपंच दीनदयाल साहू ने बताया कि छुरिया ब्लाक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय करमरी का भवन बदहाल हो चुका है स्कूल भवन का निर्माण 1993 में हुआ था छत पूरी तरह से डैमेज हो गई है बरसात होने पर छत से पानी टपकता है ऐसे में भवन की छत पर ट्रिपाल पॉलिथीन टक्कर ढककर भी स्कूल का संचालन मुश्किल हो गया है स्कूल भवन जर्जर की जानकारी शिक्षा विभाग व शासन प्रशासन को कई बार दी चुकी है फिर भी कोई सुध नहीं ले रहा है करमरी के सरपंच दीनदयाल साहू ने पंचायत की ओर से ट्रिपाल पॉलिथिन लगाकर बच्चों की पढ़ाई के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की है ग्रामीण जनों ने जिला प्रशासन से शीघ्र ही जर्जर स्कूल भवन को मरम्मत करने की मांग की है।

बेलौदी में वन महोत्सव का हुआ आयोजन, एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया गया वृक्षारोपण

बलौदाबाजार (नांदगांव टाइम्स)। बलौदाबाजार वनमण्डल अंतर्गत रोहांसी परिवृत्त के ग्राम बेलौदी में बुधवार को वन महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एक पेड़ मां के नाम 2.0 के तहत जनप्रतिनिधियों और स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक वृक्षारोपण किया।वनों के महत्व और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में स्थानीय समुदाय और विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी देखी गई। वनमंडलाधिकारी गणवीर धम्मशील ने बताया कि एक पेड़ मां के नाम 2.0 वन महोत्सव के

माध्यम से जन समुदाय में पर्यावरण के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना बढ़ती दिखाई दे रही है जो हमारे साझा भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।उन्होने बताया कि राज्य शासन के निर्देशानुसार वनमंडल बलौदाबाजार अंतर्गत जिले में विभिन्न स्थानों पर एक पेड़ मां के नाम थीम पर वन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस वन महोत्सव में एक पेड़ मां के नाम 2.0 की भावना को विशेष रूप से रेखांकित किया गया। बलौदाबाजार वनमण्डल के विभिन्न जगहों पर इस योजना के तहत व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण का कार्य किया जा रहा है। यह पहल प्रकृति के प्रति सम्मान और भावी पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर परस्थानीयजनप्रतिनिधि,प्रशिक्षु परिक्षेत्र अधिकारी सिमरन साहू, स्कूल के प्रचार्य, विद्यार्थी एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

आबकारी विभाग द्वारा 13 बल्क लीटर हाथभट्ठी कच्ची महुआ शराब जप्त

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब विक्रेताओं, परिवहनकर्ताओं, सार्वजनिक स्थल पर मद्यपान करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। प्रभारी सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी ने

बताया कि अवैध शराब विक्रेताओं के विरूद्ध धर-पकड़ अभियान के तहत आबकारी विभाग द्वारा 13 बल्क लीटर हाथभट्ठी कच्ची महुआ शराब जप्त की गई। आबकारी विभाग द्वारा ग्राम बिरेझर थाना घुमका में भाव सिंह ठाकुर के कब्जे से दो पीला रंग की प्लास्टिक जेरीकेन में 9 बल्क लीटर कच्ची हाथभट्ठी महुआ शराब एवं सुग्रीव यादव के कब्जे से एक पीला रंग की प्लास्टिक जेरीकेन 4 बल्क लीटर हाथभट्ठी कच्ची महुआ शराब जप्त किया गया। आरोपियों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा के तहत प्रकरण दर्ज करी गिरफ्तार कर नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की गई। कार्रवाई में वृत्त राजनांदगांव पूर्व की टीम में सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री नागेश निषाद एवं आबकारी स्टाफश्री अनिल, मनीष, दीपक, सुरेश शामिल थे।

शिव महापुराण कथा में डोंगरगांव शिवमय हुआ

शिव महापुराण कथा सुनने वाले, और शिव आराधना करने वाले भक्त सदा खुश और सुखी रहता है, पंडित राघव मिश्रा

सात दिवसीय शिव महापुराण कथा का आयोजन

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। नगर के चौकीरोड नर्सरी सागौन प्लांट के दस एकड़ मैदान पर 17 जुलाई से 23 जुलाई तक सात दिवसीय शिव महापुराण कथा का सफल आयोजन किया गया , शिव महापुराण कथा प्रतिदिन दोपहर एक बजे से चार बजे तक हो रही थी जहा पर अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक सिहोर वाले पंडित प्रदीप मिश्रा के बड़े सुपुत्र पंडित राघव मिश्रा द्वारा कथा व्यास में शिव महापुराण कथा के सभी प्रसंगो को प्रस्तुति कर क्षेत्र के धर्मप्रेमी भक्तो को सुनाए गए, पंडित राघव मिश्रा ने शिव महापुराण कथा में कहा भगवान शिव शंकर भोलेनाथ परमात्मा के सामान है इस शिव महापुराण की कथा को श्रावण मास में पूरे परिवार सहित समय निकालकर संयम से सुनना चाहिए, सभी भक्तो को भगवान शिव की पूरे मन लगाकर सच्चे दिल से ध्यान लगाकर पूजा अर्चना और आराधना करना चाहिए पंडित राघव मिश्रा ने धर्म प्रेमी भक्तो को कहा शिव महापुराण कथा में भगवान शिव शंकर तो भोलेनाथ भोला है शिव विद्यवान है सभी भक्तो पर प्रसन्न होकर अपना आशीर्वाद के रूप में अपना धाम देते हैं, जो भी व्यक्ति भगवान शिव भोलेनाथ शंकर की प्रतिदिन प्रसन्न होकर पूरे आदर भाव से शिव महापुराण का पूजा पाठ करते हैं वह संसार के सभी भोग भोगकर शिव भगवान के पद को प्राप्त करते हैं शिव महापुराण कथा में कहा गया है कि जो भी व्यक्ति भगवान शिव की पुजा आराधना करते हैं वह हमेशा सदा सुखी और खुश रहता है पंडित राघव मिश्रा ने शिव महापुराण कथा में आगे बताया है कि भगवान शिव भोलेनाथ शंकर सम्पूर्ण स्वरूप समाया है वह निर्मल स्वरूप सभी ग्रंथो के पुरुषार्थ देने वाले भगवान है भगवान शिव शंकर की महापुराण की कथा सभी

भक्तो सुनना और सुनाना चाहिए, इनके अलावा भगवान शिव के प्रतिदिन ध्यान लगाकर प्रेम से भाव पूर्ण पढ़ना चाहिए भगवान शिव की कथा सुनने से ही जीवन सफल तथा भवसागर पार हो जाते है

एक लोटा जल का महत्व बताया

पंडित राघव मिश्रा ने अपने पिता प्रदीप मिश्रा के राह पर चल कर एक लोटा जल का महत्व बताया है कि भगवान शिव को जो भी व्यक्ति श्रावण मास में श्रद्धा भाव भक्ति से पुजा आराधना कर एक लोटा जल चढ़ाने से उनकी मनोकामना पूर्ण होती है इस सात दिवसीय शिव महापुराण कथा होने से पूरा डोंगरगांव शिवमय हो गया है शिव महापुराण कथा सुनने क्षेत्र के दूर दूर से धर्म प्रेमी भक्तो की जनसैलाब के रुप में सात दिन तक देखने को मिला, सात दिवसीय शिव महापुराण कथा में आयोजको ने पुरे सात दिन तक भोजन भंडारा महाप्रसादी के रुप में शिव महापुराण कथा सुनने वाले शिव भक्तो को खिलाया गया, शिव महापुराण कथा का समापन 23 जुलाई को सुबह 8 से 11 बजे तक कथा सुनाकर किया गया,

संस्कार सिटी कॉलेज में हरेली पर अनोखी पहल, पारंपरिक खेलों की जगह किया वृक्षारोपण

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, ठाकुरटोला में इस वर्ष छत्तीसगढ़ के पहले तिहार हरेली को खास अंदाज में मनाया गया। हर साल जहां पारंपरिक छत्तीसगढ़ी खेलों के साथ यह पर्व

हर्षोल्लास से मनाया जाता था, वहीं इस बार महाविद्यालय प्रबंधन ने पर्यावरणीय चिंताओं को देखते हुए हरेली को वृक्षारोपण के रूप में मनाया। प्राचार्य डॉ. गुरप्रीत कौर छाबड़ा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम पर्यावरण प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और धरती के बढ़ते तापमान जैसी गंभीर समस्याओं का सामना कर रहे हैं। ऐसे में परंपरागत आयोजनों को पर्यावरण के प्रति जागरूकता से जोड़ना समय की मांग है। उन्होंने आगे कहा कि पेड़ों की अंधाधुंध कटाई ने पृथ्वी को असंतुलित कर दिया है। पेड़ नहीं रहेंगे तो मानव जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती।उन्होंने बताया कि इस वर्ष खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन के स्थान पर महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कर प्रकृति को समर्पित संदेश दिया गया है।

धर्म समाचार....

सुख-शांति चाहते हैं तो ध्यान रखें श्रीमद्भागवत गीता की सीख

हमारे आसपास कई लोग हैं, लेकिन फिर भी कभी-कभी अकेलापन क्यों महसूस होता है?

हमारे आसपास कई लोग हमेशा रहते हैं, अक्सर हम लोगों से घिरे होते हैं, बातचीत करते हैं, फिर भी कभी-कभी भीतर से अकेलापन, एक खालीपन महसूस होता है। ये अकेलापन शारीरिक नहीं, आत्मिक होता है। भगवद गीता हमें सिखाती है कि रिश्तों में सच्चा जुड़ाव नजदीकी से नहीं, बल्कि आपसी तालमेल से आता है। सच्चे रिश्तों का जुड़ाव बाहरी नहीं, आत्मिक होता है। गीता के कुछ खास श्लोकों से समझ सकते हैं, हम अकेलापन क्यों महसूस करते हैं और इसे कैसे दूर कर सकते हैं- न हि देहभृता शक्यं त्यक्तुं कर्माण्यशेषतः।

यस्तु कर्मफलत्यागी स त्यागीत्यभिधीयते।। (भगवद् गीता 18.11)

अर्थ: शरीर में जब तक आत्मा है, कर्म करना स्वाभाविक है, लेकिन सच्चा त्याग वह है, जो कर्म के फल की अपेक्षा से मुक्त होता है। जो व्यक्ति कर्मफल का त्याग करके कर्म करता है, वही त्यागी होता है।

अधिकतर लोग कर्मफल को ध्यान में रखकर कर्म करते हैं और जब उम्मीद के मुताबिक फल नहीं मिलता है तो वे निराश हो जाते हैं। हम बाहरी प्रशंसा के पीछे भागते हैं, जिससे स्वयं से संबंध टूट जाता है, आत्मिक अकेलापन इसी से उपजता है। गीता हमें कर्मफल का त्याग करने और स्वयं से जुड़ने का रास्ता दिखाती है। बाहरी लोगों की प्रशंसा पर ध्यान न देकर स्वयं की संतुष्टि पर ध्यान देना चाहिए। इस बात का ध्यान रखेंगे तो अकेलापन दूर हो सकता है।

योगस्थः कुरु कर्माणि संगं त्यक्त्वा धनञ्जय।

सिद्ध्यसिद्ध्योः समो भूत्वा समत्वं योग उच्यते।। (भगवद गीता 2.48)

अर्थ: हे धनंजय, योग में स्थित होकर, आसक्ति यानी मोह त्यागकर कर्म करो। सफलता और असफलता में समान भाव रखना ही योग है। हम केवल बाहरी रिश्तों से नहीं जुड़ते, बल्कि जब प्रेम, करुणा और निष्कामता से जुड़ते हैं, तभी रिश्तों में असली जुड़ाव होता है। सफलता-असफलता में समभाव रखते हुए कर्म करने से आत्मिक संतुष्टि बनी रहती है और मन शांत रहता है। जब हम रिश्तों में भी समभाव रखते हैं, तब रिश्तों में प्रेम बना आता है। हम किसी से उम्मीद करें और वह व्यक्ति उम्मीद पूरी न करे तो निराशा का भाव आता है, ये भाव ही अकेलापन बढ़ता है। इसलिए रिश्तों में भी किसी के लिए बिना किसी स्वार्थ और लाभ की कामना से कुछ करेंगे तो आपसी प्रेम बढ़ेगा, अकेलेपन का भाव नहीं आएगा।

सर्वधर्मान् परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज।

अहं त्वां सर्वपापेभ्यो मोक्षयिष्यामि मा शुचः।। (भगवद गीता 18.66)

अर्थ: अपने सारे धर्मों को त्यागकर मेरी ही शरण में आओ। मैं तुम्हें समस्त पापों से मुक्त कर दूंगा, शोक मत करो।

रिश्तों में जब स्वार्थ और लाभ की भावना आ जाती है, तब हम खुद को दूसरों से अलग समझने लगते हैं और फिर अकेलापन पनपता है। गीता हमें संदेश देती है कि हमें अपनी सारी इच्छाएं, स्वार्थ, लाभ-हानि की भावना

छोड़कर सिर्फ भगवान का ध्यान करना चाहिए। हम भगवान के ही अंश हैं और जब हम भगवान से जुड़ते हैं तो अकेलेपन की भावना खत्म हो जाती है। भगवान से जुड़ने के बाद स्वार्थ, अहंकार, लालच जैसी बुराइयां दूर होती हैं और मन शांत हो जाता है। भगवद गीता हमें अकेलेपन को एक भय नहीं, बल्कि आत्म-संवाद का अवसर मानने का संदेश देती है। जब भी अकेलापन महसूस होता है, हमें खुद का संग करना चाहिए, भगवान का ध्यान करना चाहिए। जब हम अपने भीतर की शांति और अपनी आत्मा से जुड़ते हैं तो हमें एहसास होता है कि हम कभी अकेले नहीं हैं।

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बेग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बेग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बेग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

भाजपा छग के लोगों को बाहर से गुंडे बुलवाकर गोली मरवा रही : कुलबीर

भाजपा पदाधिकारी मोहड़ गोलीकांड के मुख्य आरोपी संजय सिंह की गिरफ्तारी को लेकर कांग्रेस व मोहड़ वासियों ने बसंतपुर थाने में बोला हल्ला

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। मोहड़ वार्ड नं. 49 में विगत डेढ़ माह पूर्व रेत माफिआओं द्वारा निर्दोष ग्रामीणों पर मारपीट व बंदूक की नोक पर वारदात को अंजाम दिया था। प्रदेश के गृहमंत्री का प्रभार व वीआईपी जिला कहलाने वाला राजनांदगांव संस्कारधानी कलंकित हो गई। जिसको लेकर पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज स्वयं मोहड़ आकर घटनास्थल पर जाकर पीड़ितों एवं मोहड़ के नागरिकों से मिलकर चर्चा की थी। आठ दिन के अंदर मुख्य आरोपी संजय सिंह सहित सभी की गिरफ्तारी की मांग की थी। गिरफ्तार नहीं होने पर थाना घेराव के निर्देश दिए थे, शहर कांग्रेस द्वारा इस बाबत प्रशासन को पत्र भी दिया गया था लगातार घटना में संलिप्त सभी आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करते आ रहा है। इसको लेकर छत्तीसगढ़ विधानसभा के प्रश्नकाल के दौरान आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग भी हुई थी। इसके बावजूद अब तक मुख्य आरोपी भाजपा पदाधिकारी संजय सिंह की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। इसके बावजूद अब तक मुख्य आरोपी भाजपा पदाधिकारी संजय सिंह को गिरफ्तार करें नहीं तो आने समय में इससे बड़ा उग्र आंदोलन करेंगे और इसकी पूरी जिम्मेदारी भाजपा सरकार की होगी। भाजपा विधायक इंदरशाह मंडावी ने कहा कि राजनांदगांव जहां शांति का टापू कहा जाता है आज उस शहर में बाहर से गुंडे बदमाश बुलाकर अशांति फैलाने का प्रयास किया जा रहा है। मोहड़ वार्ड में निर्दोष ग्रामीणों पर अबदस्ती मारपीट कर उन पर गोलियां चलाई। भाजपा सरकार की करनी और कथनी आज पूरा प्रदेश देख रहा है। डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने कहा कि भाजपा की सरकार आते ही प्रदेशभर में गुंडों बदमाशों को संरक्षण मिला गया है जिसके कारण आज माताएं-बहने, निर्दोष जनता असुरक्षित हो गयी है। मोहड़ की घटना निंदनीय है रेत माफिआओं को कहां से इस तरह का संरक्षण मिला गया है कि वे निर्दोष ग्रामीणों पर अत्याचार करें, अपराधिक घटना करने से नहीं चूक रहे इससे साफजाहिर है कि यह संरक्षण भाजपा सरकार कर रही है। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि मोहड़ वार्ड में भाजपा के पदाधिकारी संजय सिंह द्वारा अवैध रेत उत्खन्न किया जा रहा जिसे ग्रामीणों द्वारा मना करने पर निर्दोष ग्रामीणों से मारपीट कर उन पर गोलियां चलाई जो कि पूर्णत गलत है। ग्रामीणों द्वारा गाड़ी नंबर सहित पुलिस को पूरा साक्ष्य दे चुके हैं ये वही संजय सिंह है जो भाजपा के पदाधिकारी है और मप्र का रहने वाला है। अब भाजपा छत्तीसगढ़ियों को मारने पीटने के लिए मप्र से गुंडा बुलाने लगे है जो कतई बर्दाश्त करने योग्य नहीं है। मप्र का आदमी हमारे यहां आकर रेत का अवैध उत्खन्न करता है तो निश्चित है कि ऐसे लोगों को भाजपा सरकार का संरक्षण मिला हुआ है। भाजपा सरकार के दबाव में काम कर रही है, जिसके कारण अब तक मुख्य आरोपी पकड़ा नहीं गया। इससे पूर्व कांग्रेस द्वारा प्रशासन को अल्टीमेटम देने के बावजूद अब तक भाजपा पदाधिकारी व मुख्य सरगना संजय सिंह की गिरफ्तारी नहीं होना बड़े ही आश्चर्य का विषय है। अगर सात दिवस के अंदर उक्त आरोपी संजय सिह व उनके सहयोगी की गिरफ्तारी नहीं होती है तो हम कांग्रेसजन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, गृहमंत्री विजय शर्मा व राजनांदगांव के विधायक का हर वार्ड में पुतला दहन करेंगे जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। इस दौरान प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी श्रीकिशन खंडेलवाल, संभागीय प्रवक्ता कमलजीत सिह पिन्टू, पदम कोठारी, शहर कांग्रेस प्रभारी बृजेश शर्मा, मेहुल मारू, डा.आफ्ताब आलम, विवेक वासनिक, कुतबुद्दीन सोलंकी, नत्थूलाल अग्रवाल, कांति बंजारे, जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू, पंकज बांधव, दिनेश शर्मा, रईस अहमद, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष विकास त्रिपाठी, मोहम्मद यहया, महामंत्री झम्मन देवांगन, हनी ग्रेवाल, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफअली, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, मोहिनी सिन्हा, सेवादल अध्यक्ष अमित खंडेलवाल, अल्पसंख्यक अध्यक्ष शकील रिजवी, अभिमन्यु मिश्रा, महिला कांग्रेस अध्यक्ष माया शर्मा, युवक कांग्रेस अध्यक्ष गुरभेज माखिजा, घनश्याम देवांगन, ननि नेताप्रतिपक्ष संतोष पिछे, अमिन हुद्दा, राजा तिवारी, सतीश मसीह, छोटेलाल रामटेके, अशोक पहलवीस, किर्ती साहू, डा.रूबिना अल्वी, मामराज अग्रवाल, इकरामुद्दीन सोलंकी, शमसुद्दीन सैफी, जयनारायण सिंह,

रौशनी सिन्हा, भरत सोनी, प्रवीण मेश्राम, मुस्तफा जोया, विनय झा, शरद पटेल, अवधेश प्रजापति, भोला यादव, शेषनाथ, मनीष गौतम, तामेश्वर बंजारे, कुलदीप कुंजरेंकर, बबलू कसार, अब्बास खान, मनीष साहू, अमित जंघेल, मानव देशमुख, खगेश बंजारे, सुरेन्द्र देवांगन, शैलेष ठाक्रे, राहुल देवांगन, राजा खान, हफीज वारसी, देवेन्द्र देवांगन, प्रतिमा बंजारे, रीना पटेल, गामेन्द्र नेताम, सूरज शर्मा, चेतन सिन्हा, भारत भूषण शर्मा, संदीप सोनी, दिव्यांशु सिन्हा, नरेश साहू, मदन साहू, संगीता साहू, आरबी मिश्रा, संदीप जायसवाल, शैलेष रामटेके, विजय अग्निहोत्री, राजा यादव, दिनू साहू, मो. अज्हर, मो. इब्राहिम, प्रज्ञा गुप्ता, रमेश मंडावी, खिलेश बंजारे, राजेश चौहान, लेनिन कसार, विनोद गेन्ड्रे, मोहन चुनरकर, भरत साहू, मोहसिन, कुंदन चंद्राकर, रिखीराम साहू, जलालुद्दीन निर्वाण, सलमान, नीरज कत्रौजे, अरशद खान, जय जायसवाल, सागर ताम्रकार, अर्जुन सिंह, प्रियेश मेश्राम, शौर्य वैष्णव, प्रेमलाल महिलांगे, गोपी रजक, डा. कुमार, एकता बंजारे, पूर्वीसिंह, ललिता साहू, राजकुमार गुप्ता, आशीष शर्मा, आफ्ताब अहमद, खेमचंद साहू, जगतप्रसाद शर्मा, साबिर जिंदराग, भगवान सोनकर, निहाल नकवी, स्वतंत्रदास साहू, पप्पु सिन्हा, रूपेश साहू, राहुल गजभिए, आशीष, तौसिफ गोरी, हर्ष खोब्रागड़े, शिवम गढपावले, प्रदीप यादव, द्विव्यांशु पात्रे, विजय गजभिए, उज्जवल निर्मलकर, पवन खतरी, अमित भीमकर, तेनसिंह, गिरवर, डेमन साहू, रामचंद्र यादव, भागवत, दीना सोनकर, जितेन्द्र कौशिक, भोजराज भेलावे, गुमान सिंह ढीमर, महेश कुमार, भारत साहू, अली अंसारी, टिकेश यादव, हिमांशु बंसोड, पवन, उत्तम साहू, नर्मदा द्विवेदी, तौहिक खान, रोहित डाकेट, शुभम प्रजापति सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन व ग्रामीण शामिल हुए।

ग्राम घुपसाल में मुक्तिधाम निर्माण के लिए हुआ भूमिपूजन

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। राजनांदगांव जिले के अंतर्गत छुरिया विकासखंड के ग्राम घुपसाल (कुमरदा) में गत दिनों 6 लाख रुपए की स्वीकृत नवीन मुक्ति धाम का भूमि पूजन किया गया , इसके पहले ग्राम वासियों को अंतिम संस्कार करने के लिए कोई साधन नहीं होने के कारण खुली जगह में अंतिम संस्कार करना पड़ता था जिससे बारिश में बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, इस भूमि पूजन में ग्राम पंचायत के सरपंच नरेश शुक्ला, ग्राम पटेल द्वारिका नायक, ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष केशव साहू, उपाध्यक्ष रामकुमार विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष लोमस साहू, डोमेश वर साहू, कोमल साहू गौकरण भूआर्य, बलराम श्रीवास, रोजगार सहायक मुकेश साहू, सचिव भूषण भारद्वाज, पुरण टांडेकर, कैलाश चौधरी, खेलावन साहू, कोटवार गोविन्द सोनवानी अजीत पिथौरा एवं समस्त पंच गण की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ, इस अवसर पर ग्राम वासियों द्वारा शासन, और पंचायत को धन्यवाद् ज्ञापित किया।

माखन वर्मा के निधन पर पंचायत परिवार ने मिलकर 22000 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। समीपस्थ ग्राम पंचायत डीलापहरी के पंचायत भृत्य श्री माखन वर्मा का आकस्मिक निधन हो जाने पर सरपंच सचिव पंच गण सभी ने मिलकर 22000 बाईस हजार रुपये आर्थिक सहयोग उनकी बेटी गीता वर्मा को प्रदान किया गया। और भगवान से मृतआत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई इस दुख की घड़ी में भगवान उनके परिवार को संबल प्रदान करें।

यादव समाज जन्माष्टमी पर निकालेगा भव्य शोभायात्रा

बाइक रैली और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। यादव समाज राजनांदगाँव द्वारा यदुवंशियों के ईष्ट देव भगवान श्री कृष्ण की जन्माष्टमी के अवसर पर भव्य शोभायात्रा सहित विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। समाज के संरक्षक एवं महापौर मधुसूदन यादव की अध्यक्षता में समाज के प्रमुख पदाधिकारियों ने बैठक आयोजित कर उक्त निर्णय लिया। आयोजन के प्रथम दिवस 15 अगस्त को समाज के युवक - युवतियों एवं महिलाओं द्वारा बाइक रैली के साथ तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी जिसमें देशभक्ति के साथ धर्म का संदेश दिया जयेगा। रैली दोपहर 3:00 बजे स्टेट हाई स्कूल मैदान से प्रारंभ होगी और शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए वापस स्टेट हाई स्कूल मैदान पहुंचेगी। द्वितीय दिवस 16 अगस्त को सुबह 9:00 बजे महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल के सामने स्थित साहड़ा देव मंदिर में पूजा अर्चना की जाएगी तत्पश्चात दोपहर 2:00 बजे से स्टेट हाई स्कूल मैदान से विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें पालकी, भजन मंडली, बाजे - गाजे और राउत नृत्य आदि के साथ विभिन्न मोहल्ले से युवकों द्वारा श्री कृष्ण लीलाओं पर आधारित चलित झाँकियों का प्रदर्शन भी किया जायेगा। इसके लिए विभिन्न वार्डों में बैठक लेकर कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जायेगा। आयोजन के तृतीय दिवस रविवार 17 अगस्त को गोविंद राम निर्मलकर ऑडिटोरियम में सुबह 11:00 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा जिसमें यादव समाज झेरिया, कोसरिया, ठेठवार सभी इकाई के युवक - युवती, महिलाएँ, बच्चे, बुजुर्ग सभी शामिल होंगे। महापौर मधुसूदन यादव के निवास में आयोजित उक्त बैठक में समाज के कार्यकारी अध्यक्ष दुर्गेश यादव, दुर्गा यादव, राधे यादव, विनोद यादव (बंटी), गरीबाराम यादव, कार्तिक यादव, सुदेश यादव, महेश यादव, हरीश यादव, उपेंद्र यादव, शोलू यादव, पूनाराम यादव, अमन यादव, राजेश यादव, रितेश यादव, प्रेम शंकर यादव, नीतेश यादव, चेतन यादव, मुरली यादव, आदि उपस्थित थे।

गायत्री विद्यापीठ में हर्षोल्लास पूर्ण हरेली पर्व मनाया गया

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। जिले की प्रतिष्ठित शाला गायत्री विद्यापीठ में हरेली पर्व हर्षोल्लास पूर्ण मनाया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन के साथ शाला के विद्यार्थियों ने कृषि यंत्रों की पूजा करके किसानों के लिए अच्छी फसल की कामना की। शाला की प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर द्वारा हरेली पर्व का शुभकामना देते हुए हरेली पर्व का महत्व बताते हुए कहा गया कि धान का कटोरा नाम से विख्यात हमारा छत्तीसगढ़ प्रदेश अनेक प्राकृतिक सम्पदाओं से परिपूर्ण है। यह छत्तीसगढ़ का प्रमुख त्यौहार है। इस त्यौहार का उद्देश्य यह है कि प्रकृति हमारी रक्षा करें, हम प्रकृति को सुरक्षित रखें, प्रकृति का सम्मान करें, फसलों का उत्पादन अच्छा हो। हमें अपनी संस्कृति और परम्पराओं पर गर्व होना चाहिए। हमारी ऐसी ही कई विशेषता हमें औरों से अलग और विशेष बनाती है। हम चाहे कितने भी बड़े से बड़े पद पर क्यों न हों, हम अपनी मूल पहचान को, संस्कारों को न भूलें। शाला की मीडिया प्रभारी एवं व्याख्यता श्रीमती उषा झा से मिली जानकारी के अनुसार इस अवसर पर शाला के विद्यार्थियों द्वारा छत्तीसगढ़ी सामूहिक लोक नृत्य, छत्तीसगढ़ी पहेली, छत्तीसगढ़ी गीत आदि ज्ञानवर्धक एवं मनोरंजक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। आभार प्रदर्शन उप प्राचार्य श्रीमती रश्मि ठाकुर द्वारा किया गया, जिसमें उन्होंने सभी को हरेली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सभी कार्यक्रमों की सराहना की। आयोजन का शानदार वीडियोग्राफी शाला के व्याख्याता श्री आशीष सोनवानी एवं शिक्षक श्री याददास साहू द्वारा किया गया। संगीत संयोजन संगीत शिक्षक श्री प्रशांत कुशवाहा एवं श्री दिनेश साहू का रहा। शाला की नृत्य शिक्षिका श्रीमती भारती यादव द्वारा विद्यार्थियों के नृत्य का निर्देशन किया गया। साथ ही विशेष सहयोग प्रार्थना प्रभारी शिक्षिका श्रीमती अंजली सोनवानी, श्रीमती आरती तिवारी, सुश्री ऐश्वर्या श्रीवास्तव आदि का रहा। इस अवसर पर गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष श्रीमती संध्यादेवी सिंघेल, श्री राजेश जैन, संरक्षक श्री नंदकिशोर सुरजन, सांस्कृतिक प्रभारी श्री हरीश गांधी, श्रीमती रूपाली गांधी, एकेडमिक प्रभारी श्री अमित उतलवार, प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर, उप प्राचार्य श्रीमती रश्मि ठाकुर, प्रशासक अनिल वाजपेयी, स्कूल मैनेजर तरणजीत सिंह टूटेजा एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा शुभकामनाएं दी गई।

भाई ने भाई के परिवार पर किया जानलेवा हमला

डेढ़ माह पूर्व ग्राम खुज्जी की घटना, पुलिस कार्यवाही से असंतुष्ट पीड़ित परिवार ने ली पत्रकारवार्ता

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। थाना क्षेत्र के ग्राम खुज्जी में एक छोटे से विवाद के चलते एक भाई दूसरे भाई के घर में घुसकर पूरे परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया. खून से लथपथ परिवार ने 112 की मदद से डोंगरगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में अपना इलाज करवाया और घटना के दो दिन बाद मामले की शिकायत डोंगरगाँव थाने में की, जिस पर अपराध भी दर्ज हुआ किन्तु पीड़ित परिवार का आरोप है कि पुलिस ने उनके बताए अनुसार मामला दर्ज नहीं किया और आरोपी को बचाने का प्रयास किया गया. इसकी शिकायत एसपी तक की गई किन्तु डेढ़ माह बीतने के बाद भी आज पर्यन्त इस गंभीर मामले को लेकर पुलिस अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं की है. उक्ताशय की जानकारी पीड़ित परिवार ने मीडिया को दी है और डोंगरगाँव थाना प्रभारी के बदलने के बाद प्रार्थी को एक बार उचित कार्यवाही की आस जगी है. मिली जानकारी के अनुसार डेढ़ माह पूर्व हुए खूनी संघर्ष में एक भाई ने दूसरे भाई पर घर में घुसकर जानलेवा हमला कर दिया. इतना ही नहीं उन लोगों ने उसके घर की महिला और बच्चों के साथ भी जमकर मारपीट की. इस मामले में आवेदक ने बताया कि उसके साथ हुए गंभीर अपराध में पुलिस ने कमतर धाराएं लगाकर अनुचित कृत्य किया है. खुज्जी निवासी आवेदक घनश्याम साहू व उसके परिवार ने ने मंगलवार दोपहर को डोंगरगांव प्रेस क्लब में पत्रकारवार्ता ली और अपने साथ हुए घटना तथा एफआईआर के संबंध में जानकारी दी. पत्रकारवार्ता में आवेदक घनश्याम ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास के लिए लाए मटेरियल में पड़ौसी यशवंत साहू ने मिट्टी डाल दिया, जिस पर मेरे द्वारा आपत्ति दर्ज की गई. यह मामला दोपहर को सामान्य विवाद के बाद शांत हो गया था किन्तु रात्रि में यशवंत, रूमलाल, हेमनबाई, मेघा, ईश्वरी आदि अपने तीन सहयोगियों के साथ मेरे घर पिर से आ धमके और रूमलाल मेरी छाती में बैठकर जान से मारने की कोशिश की. जैसे तैसे उससे बचकर निकला तो वहीं मौजूद यशवंत ने लोहे के पाईप से मेरी सिर के बायीं ओर वार किया, जिससे मैं लहूलुहान हो गया. इसके साथ ही मेरे पुत्र कुलदीप कुमार के सिर को पानी के डूम में डुबाने की कोशिश की, पुत्री नूतन व पत्नी अश्वनी को ,मेघा, हेमन और ईश्वरी के द्वारा डंडा लाठी से मारकर गंभीर चोट पहुंचाया है. इन पांचों आरोपियों के साथ उनके तीन सहयोगी और हमारे गांव पहुंचे थे, जो घटनास्थल से थोड़ी दूर पर थे. इस पूरे घटनाक्रम को रिपोर्ट के समय डोंगरगांव पुलिस को सिलसिलेवार बताया किंतु उनके द्वारा गंभीर धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध नहीं करते हुए सामान्य धाराएं लगाई गई, जिससे मानसिक रूप से परेशान हूँ. साथ ही बताया कि इस बात की सूचना उस समय रहे थाना प्रभारी को मौखिक रूप से भी दी गई थी बावजूद उनके द्वारा आपराधिक कृत्य नहीं है कहकर डरा, धमकाकर वापस लौटा दिया. बता दें कि इस मामले में डोंगरगांव पुलिस द्वारा चार लोगों के खिलाफ 296, 115(2), 351(2) तथा 3(5) भारतीय न्याय संहिता के अनुसार धाराएं लगाई है जबकि प्रार्थी का कहना है कि इस पूरे घटनाक्रम में पांच लोग शामिल थे और उचित कार्यवाही नहीं होने के चलते आरोपियों के हौसले बुलंद है. 9 जून 2025 को घनश्याम साहू द्वारा अपने ही भाई हुमलाल साहू, यशवंत साहू, हेमन बाई और मेघा के खिलाफ मारपीट गाली गलौच और जान से मारने की धमकी का एफआईआर लिखाया गया था. जांच में पाया गया था कि निर्माणाधीन मकान के चलते आपसी विवाद हुआ था. प्रार्थी के बताए अनुसार एफआईआर लिखा गया है, उसने परिवार के 4 लोगों का नाम बताया है.

मारपीट मामले में आरोपियों को थाने में बुलाकर पुछताश विधिवत जांच की जाएगी आगे विवेचना की जा रही है-

- जितेंद्र वर्मा, थाना प्रभारी डोंगरगांव

सुनहरा अवसर

पढ़ने- पढ़ाने वाले विद्यार्थी सह- शिक्षक सपने साकार करने के लिए रूपये 9 हजार प्रतिमाह से शुरू कर 45 हजार प्रतिमाह की गारंटी देता है

योग्यता : 12वीं पास, फेल से पीएचडी तक सभी आवेदन कर सकते हैं

-: संपर्क करें :-

इंजीनियर पी एल सुलाखे

राजनांदगांव, मो. 94255554092

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com